
# महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव में बदली सत्ता की तस्वीर

## 2869 सीटों के लिए हुए चुनाव

**मुंबई 17 जनवरी. महाराष्ट्र की 29 नगर निगमों के चुनाव नतीजे सामने आ चुके हैं और इस बार के परिणामों ने राज्य की राजनीति में बड़े और चौंकाने वाले बदलाव के देखे गए हैं. राज्य के 893 वार्डों में फैली 2,869 सीटों के लिए हुए इन चुनावों में सत्ताधारी बीजेपी गठबंधन को बंपर जीत मिली है.**

15 जनवरी को हुए मतदान के बाद घोषित नतीजों से साफ हो गया है कि विधानसभा चुनाव में मिली बीजेपी की बढ़त अब पंचायत चुनावों के बाद नगर निगम चुनावों तक बरकरार रही है. खास तौर पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) समेत पुणे, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, मीरा-भायंदर, पिंपरी-चिंचवाड़, नवी मुंबई और उल्हासनगर जैसे बड़े नगर निगमों में बीजेपी गठबंधन का दबदबा देखने को मिला. बीएमसी के नतीजों ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं. 17 साल के लंबे इंतजार के बाद बीजेपी ने यहां जोरदार वापसी की है. इसी बीच महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव नतीजों में सबसे ज्यादा चर्चा मुंबई (बीएमसी), पुणे, ठाणे, नवी मुंबई और पिंपरी-चिंचवाड़ जैसे बड़े शहरों की रही. वर्षों की राजनीतिक तल्खी को किनारे रखकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे का एक साथ चुनावी मैदान में उतरना इस चुनाव का सबसे बड़ा आकर्षण रहा. वहीं दूसरी ओर, पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ में चुनावी मुकाबला पूरी तरह 'पवार बनाम पवार' की शक्ल में नजर आया. वहीं संजय निरुपम ने उद्धव ठाकरे को जयचंद का नाम दिया है, उन्होंने कहा महाराष्ट्र से दो जयचंद हैं, एक तो उद्धव ठाकरे और दूसरे राज ठाकरे हैं. इन नतीजों से साफ है कि विधानसभा और पंचायत चुनावों में मिली सफलता की लय बीजेपी ने नगर निगम चुनावों में भी बरकरार रखी है. इन सीटों पर सत्ताधारी और विपक्षी खेमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली.



| | |
|---|---|
| बीजेपी | - 1,372 सीटें |
| शिवसेना (शिंदे गुट) | - 394 सीटें |
| कांग्रेस | - 315 सीटें |
| एनसीपी | - 158 सीटें |
| शिवसेना (यूबीटी) | - 149 सीटें |
| एनसीपी-एसपी | - 36 सीटें |
| एमएनएस | - 12 सीटें |
| बीएसपी | - 6 सीटें |

### भाजपा-शिंदे सेना की दावेदारी में फंसा पेंच

मुंबई में सत्ता पक्ष के भीतर मेयर पद को लेकर रस्साकशी शुरू हो गई है क्योंकि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपनी पार्टी के लिए ढाई साल के कार्यकाल की मांग की है. शिंदे गुट की शिवसेना की प्रवक्ता शीतल म्हात्रे का तर्क है कि बालासाहेब ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में यह पद उनकी पार्टी को मिलना चाहिए. वहीं भाजपा सबसे बड़ा दल होने के नाते इस महत्वपूर्ण पद को अपने पास रखने की इच्छुक है. नए मेयर का चुनाव अब 26 जनवरी के बाद होने की संभावना है.

# रोहित वेमुला के सवाल खत्म नहीं हुए : राहुल गांधी



**नई दिल्ली, 17 जनवरी. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि एक दशक पहले जिस रोहित वेमुला की जान गयी थी उसी तरह के सवाल आज भी जिंदा है और देश का दलित समाज उसी तरह के माहौल का हिस्सा बना हुआ है इसलिए उसकी लड़ाई लड़ते रहना हमारी जिम्मेदारी है.**

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज रोहित वेमुला को गए 10 साल हो गए लेकिन उसका सवाल आज भी हमारे सीने में धड़क रहा है और पूछा जा रहा है कि क्या इस देश में सपने देखने का हक सबको बराबर है. उनका कहना था कि रोहित पढ़ना, लिखना चाहता था. विज्ञान, समाज और इंसानियत को समझकर इस मुल्क को बेहतर बनाना चाहता था लेकिन इस व्यवस्था को एक दलित का आगे बढ़ना मंजूर नहीं था. उन्होंने कहा कि देश में आज भी संस्थागत जातिवाद, सामाजिक बहिष्कार, रोज़-रोज़ की बेइज़्जती, औकात दिखाने वाली भाषा और अमानवीय व्यवहार है.

# सशक्तिकरण के लिए न्यायपालिका का सशक्त होना आवश्यक : योगी



**चंदौली, 17 जनवरी. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए अत्यंत आवश्यक है कि हमारी न्याय पालिका उतनी ही सशक्त हो.**

आम आदमी को सरलता और सहजता के साथ न्याय प्राप्त हो, इसके लिए उतना ही उत्तम इंफ्रास्ट्रक्चर भी आवश्यक है. सरकार के पास न्यायिक व्यवस्था से जुड़े कोई भी कार्य आते हैं तो व्यवस्था में कोई देर नहीं लगती. उन्होंने कहा, मुझे प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पहले चरण में छह जनपदों के लिए धनराशि भेज दी है. डिजाइन स्वीकृत हो चुका है तथा सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं. आज मुख्य न्यायाधीश द्वारा जैसे ही भूमिपूजन हो जाएगा, वैसे ही एलएंडटी जैसी विश्व-विख्यात संस्थाओं द्वारा निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा. सीएम ने कहा एक छत के नीचे कोर्ट कॉम्प्लेक्स तो होगा ही, साथ ही अधिवक्ताओं के लिए आधुनिक चैंबर, न्यायिक अधिकारियों के लिए आवासीय सुविधा, पार्किंग और कैंटीन की व्यवस्था भी होगी.

# भारतीय तटरक्षक बल का पोत संकल्प

## भारतीय तटरक्षक बल के पोत संकल्प का मॉरीशस के पोर्ट लुई में आगमन



**नई दिल्ली, 17 जनवरी. एक अपतटीय गश्ती पोत (ओपीवी), शनिवार को मॉरीशस के पोर्ट लुई में पहुंचा.**

यह आगमन भारतीय तटरक्षक बल के मित्र देशों में चल रही उसकी विदेशी तैनाती (ओएसडी) का हिस्सा है. यह यात्रा समुद्री सहयोग को मजबूत करने, अंतर-संचालनीयता बढ़ाने और मॉरीशस के साथ घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के प्रति भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है.

इसके अलावा, समुद्री अभियानों में लैंगिक समावेशिता के प्रति प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए, दो महिला अधिकारी भी पोत पर तैनात हैं, जो भारतीय तटरक्षक बल में उनकी बढ़ती भूमिका और समुद्री क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं. यह तैनाती भारत के सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) के समुद्री दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा, संरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है.

# हरियाणा में 1018 संदिग्ध लिंक प्रोफाइल चिह्नित, 583 हटाए गए

**चंडीगढ़ 17 जनवरी.** हरियाणा में सोशल मीडिया के जरिए सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर चलाये गये विशेष अभियान के तहत अब तक 1,018 संदिग्ध लिंक और प्रोफाइल की पहचान की है. इनमें से 583 आपत्तिजनक कंटेंट और अकाउंट को ब्लॉक या डिलीट कराया जा चुका है, जबकि बाकी पर कार्रवाई जारी है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई राय में शांति और सामाजिक सौहार्द बनाये रखने के उद्देश्य से की जा रही है. इसके लिए हरियाणा पुलिस की साइबर यूनिट लगातार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की निगरानी कर रही है. अभियान के दौरान ऐसे पोस्ट, वीडियो और लिंक पर खास नजर रखी जा रही है, जिनमें भ्रामक जानकारी, उकसाने वाली भाषा या समाज में तनाव पैदा करने वाली सामग्री पायी जा रही है. बताया गया कि इस अभियान में हरियाणा पुलिस इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ समन्वय कर काम कर रही है. जैसे ही कोई आपत्तिजनक सामग्री सामने आती है, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 79 के तहत संबंधित सोशल मीडिया कंपनी को नोटिस भेजकर तत्काल हटाने के निर्देश दिये जाते हैं.

# राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम लोगों के लिए बंद रहेगा

**नई दिल्ली 17 जनवरी.** आगामी गणतंत्र दिवस और बीटिंग द रिट्रीट समारोह के मद्देनजर राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम लोगों के लिए बंद रहेगा. राष्ट्रपति सचिवालय ने शनिवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह और उससे जुड़े कार्यक्रमों की रिहर्सल के चलते राष्ट्रपति भवन अगले सप्ताह 21 से 29 जनवरी तक आम लोगों के लिए बंद रहेगा. गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी तक कर्तव्य पथ पर और बीटिंग द रिट्रीट समारोह 29 जनवरी को विजय चौक पर होगा. इससे पहले इनकी रिहर्सल भी कर्तव्य पथ पर की जा रही है.

# उमरेड 'सान्याल मेमोरियल ट्रॉफी' से सम्मानित

## वेकोलि में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 का समापन



**नागपुर, 17 जनवरी. खान सुरक्षा महानिदेशालय तथा वेकोलि के संयुक्त तत्वावधान में कल 16 जनवरी, 2026 को वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया.**

समारोह में खान सुरक्षा महानिदेशक श्री उज्ज्वल ता, खान सुरक्षा महानिदेशालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि तथा वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जय प्रकाश द्विवेदी अध्यक्ष रहे. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि खान सुरक्षा उपमहानिदेशक, पश्चिम झोन श्री रामअवतार मीणा थे. अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री जे. पी. द्विवेदी ने खनन कार्य में सुरक्षा को जीवन-शैली के रूप में अपनाने पर बल देते हुए कहा कि सामूहिक सहभागिता से ही शून्य दुर्घटना का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है. उन्होंने नई तकनीक, समुचित प्रशिक्षण, जागरूकता तथा सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन पर विशेष जोर दिया. मुख्य अतिथि श्री उज्ज्वल ता ने वेकोलि द्वारा सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए सुरक्षा को दैनिक कार्यों का अभिन्न अंग बनाने तथा नई तकनीक एवं स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के माध्यम से सुरक्षित रूप से उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने की बात कही.

# भारत ने कहा नौसैनिक अभ्यास ब्रिक्स की संस्थागत गतिविधि नहीं

**नई दिल्ली 17 जनवरी.** तथाकथित ब्रिक्स नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा नहीं लेने की रिपोर्टों पर भारत ने स्पष्ट किया है कि वह इसमें इसलिए शामिल नहीं हुआ क्योंकि यह पूरी तरह से दक्षिण अफ्रीका की एक पहल है और ब्रिक्स की संस्थागत गतिविधि का हिस्सा नहीं है. विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत की ब्रिक्स नौसैनिक अभ्यास में भागीदारी नहीं होने के बारे में मीडिया में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में शनिवार को यहां कहा, जिस अभ्यास का उल्लेख किया जा रहा है, वह पूरी तरह से दक्षिण अफ्रीका की एक पहल थी, जिसमें कुछ ब्रिक्स सदस्य देशों ने भाग लिया.

# पराविद्या विज्ञान व आरोग्य पर वैदिक प्रदर्शनी

**नई दिल्ली, 17 जनवरी. 10 से 18 जनवरी 2026 (इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन) और फ्यूचर पॉइंट द्वारा संयुक्त तत्वावधान में 10 जनवरी से 18 जनवरी 2026 तक हॉल नंबर 11 भारत मंडपम कम्पलेक्स, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में नक्षत्र प्रदर्शनी का आयोजन हो रहा है.**

यह नक्षत्र का 19वां संस्करण है और वर्ष का सबस. महत्वपूर्ण आयोजन है. नक्षत्र एवं आरोग्यम प्रदर्शनी का उद्घाटन दिल्ली के सांसद सदस्य माननीय मनोज तिवारी, डॉ. निरज खारवाल मैनेजिंग डायरेक्टर आई. टी. पी. ओ. प्रेमजीत लाल



कार्यकारी निदेशक आई. टी. पी. ओ. आईफास के संरक्षक पंडित जय प्रकाश शर्मा लाल धागे वाले, योतिष विशेषज्ञ एवं आध्यात्मिक गुरु पुर्णात्तम दीक्षित जी, अखिल भारतीय योतिष संस्था संघ के अध्यक्ष डॉ. अरुण बंसल एवं फ्यूचर पॉइंट की निदेशिका श्रीमती आभा बंसल जी के द्वारा किया जायेगा.

इस प्रदर्शनी में योतिष, अंक योतिष, वास्तु, टैरो, हस्तरेखा और तंत्र विद्या क्षेत्र के जाने-माने विद्वान माग ले रहे हैं. इन सभी विद्वानों को अपने-अपने क्षेत्र में महारत हासिल है. हॉल नंबर 11 के सभागार में वैदिक योतिष के विभिन्न विषयों पर प्रतिदिन सेमिनार ये सभी विद्वान जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे. इस प्रदर्शनी में फ्यूचर पॉइंट द्वारा विकसित योतिष सॉफ्टवेयर लियो स्टार कुंडली पैड ?प मुफ्त दी जाएगी जो प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण होगा. प्रदर्शनी में योतिष, अंक योतिष, वास्तु आदि के ऊत्पादों की प्रदर्शनी लगाई. गयी है. इस बार इस आयोजन में लगभग 150 से अधिक संगठन माग ले रहे हैं. ऐसे में इस वर्ष के प्रारंभ में वैदिक योतिष पर यह बहुत बड़ा आयोजन है.

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (एसएण्डटी) पश्चिम रेलवे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से व उनके लिये E-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या.: SnT-RTM-25-Tele-19, दिनांक : 15.01.2026. कार्य का नाम:** निम्नलिखित के संबंध में दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग "रतलाम मंडल: विभिन्न स्टेशनों पर दूरसंचार यात्री सुविधाओं का उन्नयन और प्रतिस्थापन (सिंहस्थ 2028)।'' **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 9,00,63,272.58/- (रुपये नौ करोड तिरसठ हजार दो सौ बहत्तर और अट्ठावन पैसे)। **निविदा फार्म का मूल्य:** शून्य। **बयाना राशि:** रु.6,00,300/-. **कार्य पूरा करने की अवधि:** बारह (12) महीने। **E-निविदा जमा करने के लिये बंद करने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 24.02.2026 समय 15:00 बजे तक। **E-निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 24.02.2026 समय 15:30 बजे के बाद। **वैधता:** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन। यह टैंडर **https://www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदाकार के पास Class-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होने चाहिए और IREPS Portal पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार ही e-tendering में भाग ले सकते है। सभी संबंधित दस्तावेज e-tendering में भाग लेने के समय अपलोड करने होंगे।

**DE/6/1/418**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

## एक नजर में



### अमेरिका में फ्लू के 1.8 करोड़ से अधिक मामले

**लॉस एंजिल्स, 17 जनवरी.** अमेरिका में वर्तमान फ्लू मौसम के दौरान अब तक 1.8 करोड़ से अधिक इन्फ्लूएंजा के मामले सामने आए हैं जिनमें से 2,30,000 अस्पताल में भर्ती हुए हैं और 9,300 मौतें हुई हैं. यह जानकारी अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) द्वारा शुक्रवार को जारी नवीनतम अनुमान आंकड़ों से पता चली. सीडीसी ने कहा कि पूरे देश में मौसमी इन्फ्लूएंजा की गतिविधि अभी भी उच स्तर पर बनी हुई है हालांकि लगातार दो हफ्तों से इसमें कमी आई है या यह स्थिर बनी हुई है. एजेंसी ने कहा इस मौसम में अमेरिका में सबसे अधिक बार इन्फ्लूएंजा ए (एच3एन2) वायरस के सक्रमण की सूचना मिली है. सीडीसी ने 10 जनवरी को समाप्त हुए सप्ताह के लिए इन्फ्लूएंजा से संबंधित 15 बाल मौत की सूचना दी, जिससे इस मौसम में बचों में फ्लू से संबंधित मौतों की कुल संख्या 32 हो गई है.

### महमूद पाक असेंबली में विपक्ष के नेता नियुक्त

**इस्लामाबाद, 17 जनवरी.** पाकिस्तान के पश्तून नेता एवं बहुदलीय विपक्षी गठबंधन तहरीक तहफुज आईन-ई-पाकिस्तान (टीटीएपी) के प्रमुख महमूद खान अचकजई को शुक्रवार को नेशनल असेंबली (संसद) में विपक्ष का नेता नियुक्त किया गया. जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ(पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पिछले साल अगस्त में पीटीआई सदस्य उमर अयूब के अयोग्य होने के बाद संसद के निचले सदन में विपक्ष के नेता की खाली जगह भरने के लिए पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीएमएपी) के अध्यक्ष को चुना था. नेशनल असेंबली सचिवालय के अनुसार अचकजई की नियुक्ति की अधिसूचना में कहा गया, माननीय अध्यक्ष को नेशनल असेंबली के सदस्य महमूद खान अचकजई को 16 जनवरी, 2026 से नेशनल असेंबली में विपक्ष का नेता घोषित करते हुए खुशी महसूस हो रही है.

### चीन का शिजियान उपग्रह प्रक्षेपण मिशन विफल

**शीचांग, 17 जनवरी.** चीन के शीचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से शिजियान-32 उपग्रह का प्रक्षेपण शनिवार को विफल रहा. इसके प्रक्षेपण में लॉन्ग मार्च-3बी वाहक रॉकेट का उपयोग किया गया था. दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत के प्रक्षेपण केंद्र से रॉकेट ने 00-55 बजे (बीजिंग समयानुसार) उड़ान भरी लेकिन उड़ान के दौरान एक असामान्य घटना घटित हुई. विफलता के कारणों की जांच की जा रही है.

# श्रद्धा महिला मंडल ने मनाया स्थापना दिवस



**बिलासपुर, 17 जनवरी.** श्रद्धा महिला मण्डल, (एसईसीएल), बिलासपुर द्वारा आज अपने 20वें स्थापना दिवस का भव्य एवं गरिमामय आयोजन वसंत क्लब, एसईसीएल वसंत विहार कॉलोनी, बिलासपुर में किया.

इस अवसर पर मुख्यालय सहित विभिन्न संचालन क्षेत्रों की समितियों से लगभग 200 सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रद्धा महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन रहीं. विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपाध्यक्षागण—श्रीमती अनीता फ्रैंकलिन, श्रीमती इप्सिता दास, श्रीमती हसीना कुमार, श्रीमती विनीता जैन एवं श्रीमती शुभश्री महापात्र उपस्थित रहीं. इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा श्रद्धा महिला मण्डल की वार्षिक पत्रिका श्रद्धा संगिनी का विधिवत विमोचन किया गया.

## आज का इतिहास

1670 - हेनरी मोरगन ने पानामा पर कब्ज़ा किया।

1701 - ब्रैडनबर्ग के फ्रेडरिक तृतीय प्रशिया की गद्दी पर बैठे।

1778 - जेम्स कुक ने हवाई द्वीपसमूह की खोज की और इसे सेंडविच आइलैंड का नाम दिया।

1842 - महाराष्ट्र के महान विद्वान महादेव गोविंद रानाडे का जन्म।

1896 - एक्सरे मशीन का पहली बार प्रदर्शन किया गया।

1930 - रवीन्द्रनाथ टैगोर ने महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम की यात्रा की।

1938 - राजनीतिक कैदियों का अंतिम जत्था अंडमान और पोर्ट ब्लेयर से मुख्यभूमि के लिए रवाना हुआ।

1947 - अपने जमाने के मशहूर अभिनेता और गायक कुंदन लाल सहगल का जालंधर में निधन।

1952 - मैसूर के गोपीनाथम में कुख्यात शिकारी, तस्कर वीरप्पन का जन्म।

1959 - महात्मा गांधी की सहयोगी मीरा बेन (मैडलिन स्लैड) ने भारत छोड़ी।

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,**
**स्कीम नं. 78 सी, पार्ट-2, अरण्य, विजय नगर, इन्दौर - 452010**

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत मैसर्स श्री बलराम गोलानी पिता श्री जानिमल गोलानी की रूही स्टोन (गिट्टी और एम-सैण्ड) खदान, माइनिंग ऑफ मिनरल्स, खसरा नं. 27, 28/1 और 30 (निजी भूमि) ग्राम-रूही, तहसील-खण्डवा, जिला-खण्डवा (म.प्र.) लीज क्षेत्रफल 3.08 हेक्टेयर, उत्पादन क्षमता स्टोन (गिट्टी) 25,000 घनमीटर प्रतिवर्ष एवं एम-सैण्ड 25,000 घनमीटर प्रतिवर्ष के लिए भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति, भोपाल से पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रमा में जिला खण्डवा (म.प्र.) में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित परियोजना का ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में सॉफ्ट कॉपी सहित का अवलोकन(1) कार्यालय कलेक्टर, खण्डवा(2) कार्यालय जिला पंचायत, खण्डवा(3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, खण्डवा(4) कार्यालय ग्राम पंचायत, रूही, तहसील-खण्डवा, जिला-खण्डवा(5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केंद्रीय पर्यावरण वन जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केंद्रीय पर्यावरण भवन, लिंक रोड क्रमांक-3, राज्ययोग भवन के पास, ई-5 अरेरा कॉलोनी, भोपाल(6) मुख्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई-5 अरेरा कॉलोनी, भोपालएवं(7) क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, स्कीम नं. 78 सी, पार्ट-2, अरण्य, विजय नगर, इन्दौरमें कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की वेबसाइट www.mppcb.mp.gov.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान परियोजना में पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका-टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, इन्दौर जिला-इन्दौर (म.प्र.) के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 20/02/2026 दिन शुक्रवार को प्रातः 11.00 बजे से, स्थल-खदान परिसर, खसरा नं. 27, 28/1, 30 ग्राम-रूही, तहसील-खण्डवा, जिला-खण्डवा में आयोजित की जायेगी, जिसमें भी सुझाव, विचार, टीका-टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**क्षेत्रीय अधिकारी**

**न्यायालय अपर जिला दण्डाधिकारी (निशा डामर), इन्दौर**
(अपर कलेक्टर, जिला द्वार कक्ष क्रमांक जी - 07)

क्रमांक / 400 / अकरी/5 /2025
प्रकरण क्रमांक / 0073 / बी-121/2025-26
इन्दौर, दिनांक - 13.01.2026

समाचार विज्ञप्ति

प्रति
**1. श्री राजेश यादव पिता श्री मोतीलाल यादव 2. श्रीमती प्रीति यादव पति श्री राजेश यादव दोनों का पता- 225, राहुल नगर, बिचौली मर्दाना, इंदौर (म. प्र.) अन्य पता - प्रकोष्ठ क्रमांक 512, पांचवी मंजिल, एलएचपी, गुलमर्ग परिसर - 2, ए-03, इंदौर जिला इंदौर (म.प्र.)**
**द्वारा:- पेपर प्रकाशन**

प्रार्थी वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड तर्फे प्राधिकृत अधिकारी, शाखा का पता - 620, छठवी मंजिल, नार्थ ब्लॉक, वर्ल्ड ट्रेडपार्क, मालवीय नगर, जे एल एन रोड, जयपुर - 302017 द्वारा निवेदन किया कि बंधक संपत्तिप्रकोष्ठ क्रमांक 512, ब्लॉक क्रमांक ए-03 की पांचवी मंजिल, लाइट हाउस प्रोजेक्ट, गुलमर्ग परिसर - 2, इंदौर जिला इंदौर (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल 30.06 वर्गफीट सम्पत्ति के दस्तावेजः - श्री राजेश यादव पिता श्री मोतीलाल यादव के नाम है। चतुःसीमा - पूर्व में - सड़क, पश्चिम में - कॉमन पैसेज, उत्तर में - प्रकोष्ठ क्रमांक 511, दक्षिण में- प्रकोष्ठ क्रमांक 507 इंदौर विकास प्राधिकरण पर बकाया ऋण राशि 05,47,888.28/- (अक्षरी पाँच लाख, सैतीलस हजार, आठ सौ इठ्ठायासी रूपये एवं अठ्ठाईस पैसे केवल) का चुकारा आपके व्दारा नहीं किया गया और न ही प्रतिभूति सम्पत्ति का कब्जा ही सौंपा गया है। अतः वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूतहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 मे प्रतिभूति के रूप में रखी सम्पत्ति का कब्जा दिलाया जावे।
अतः इस संबंध में एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि मामले की सुनवाई हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला इन्दौर कक्ष जी- 07 में दिनांक 20/01/2026 दोपहर 04:00 बजे होगी। आप प्रकरण के संबंध में समस्त दस्तावेज व साक्ष्य सहित उपस्थित रहे। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**अपर, जिला दण्डाधिकारी, जिला -इन्दौर**

**कार्यालय नगर परिषद लोहारदा जिला देवास (म. प्र.)**
E-mail- cmoloharda@mpurban.gov.in

क्रमांक / न.प./ 2026 / 77
लोहारदा, दिनांक 16/01/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रिय क्रय प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रमांक | ऑनलाईन टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समय अवधि | टेण्डर क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_476281_1 | कायाकल्प अभियान अंतर्गत वार्ड नं. 01 में सी. सी. रोड़ एवं वार्ड नं. 02 में डामरीकरण निर्माण कार्य | 4333107/- | 22500/- | 5000/- | 06 माह | 02 फरवरी 2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(श्रीमती संध्या-सुनिल मालू)
अध्यक्ष
नगर परिषद लोहारदा (देवास)

(चेतन - ओमप्रकाश मीणा)
उपाध्यक्ष
नगर परिषद लोहारदा (देवास)

(सतीश घावरी)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद लोहारदा (देवास)

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
**(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)**
**(CIN-L65110TN2014PLC097792)**
**रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031**
**फोन : +914445644000, फैक्सः +914445644022**

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट IV [नियम 8 (1)]**
**कब्जा सूचना**
**(अचल संपत्ति के लिए)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय) के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैंने दिनांक 21/06/2025 को एक मांग नोटिस जारी किया था, जिसमें उधारकर्ता, सह-उधारकताओं और गारंटरों 1. मुस्कान परिहार, 2. कैलाश कुमार, 3. टैल्गो इंडस्ट्रीज को नोटिस में उल्लिखित राशि, जो कि रु. दिनांक 21/06/2025 तक 12,06,481.71/- (बारह लाख छह हजार चार सौ इक्यासी और इकहत्तर पैसे मात्र) का भुगतान उक्त मांग नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर किया जाना चाहिए।
ऋणकताओं द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने के कारण, ऋणकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने 15 जनवरी 2026 को नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है। ऋणकताओं और आम जनता को विशेष रूप से आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय) द्वारा 12,06,481.71/- (बारह लाख छह हजार चार सौ इक्यासी और इकहत्तर पैसे मात्र) और उस पर ब्याज के प्रभार के अधीन होगा।
उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।

**बंधक संपत्ति का विवरण**

**लगभग 57.14 वर्ग मीटर (615 वर्ग फुट) के सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल वाले आवासीय फ्लैट संख्या 314 का पूरा भूखंड, तीसरी मंजिल, "हाई स्ट्रीट अपार्टमेंट" में स्थित, "ओमैक्स सिटी-2 मंगलिया" नामक आवासीय कॉलोनी में, ग्राम मंगलिया सड़क, तहसीलः सांवेर, जिलाः इंदौर, मध्य प्रदेश-453771, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तरः कॉरिडोर, दक्षिणः खुला स्थान, पश्चिमः फ्लैट संख्या 315, पूर्वः फ्लैट संख्या 312 ए**

**दिनांकः 15-01-2026**
**स्थानः मध्यप्रदेश**
**ऋण खाता संख्याः 108137110**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
**(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)**